



# सांध्य दैनिक 4PM

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं कि उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की। -अल्बर्ट आइंस्टीन

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

• वर्षः 10 • अंकः 59 • पृष्ठः 8 • लखनऊ, मंगलवार, 2 अप्रैल, 2024



राजस्थान ने मुंबई को घर में घुसकर... 7 | चुनावी मात में कहीं विपक्ष लगा... 3 | चुनाव आयोग ही लगा सकता है... 2


# केजरीवाल को जेल भेजकर भाजपा ने आतिशी को दिया न्यौता

## आप का आरोप- बीजेपी का ऑफर पार्टी में शामिल हो जाओ, वर्ना भेज देंगे जेल

- » आतिशी का दावा- चुनाव से पहले आप के कुछ और नेता भी होंगे गिरफ्तार
- » आम आदमी पार्टी से डर गई है भाजपा: सौरभ

4पीएम न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली। जितना-जितना लोकसभा चुनाव करीब आता जा रहा है, उतना ही सत्ताधारी दल भारती जनता पार्टी और दिल्ली की सत्ता में बैठी आम आदमी पार्टी के बीच तकरार और बयानवाजी तेज होती जा रही है। भले ही देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस हो, लेकिन पिछले कुछ वक्त से भाजपा लगातार आम आदमी पार्टी को ही निशाना बना रही है। तो वहीं आम आदमी पार्टी भी लगातार बीजेपी पर हमले पर हमला बोल रही है। कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी और भी आक्रामक हो गई है और अब खुलकर भाजपा व पीएम मोदी पर निशाना साध रही है। केजरीवाल के जेल जाने के बाद से पार्टी की ओर से दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी मार्लेना भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोले हैं और लगातार हमले बोल रही हैं।

आज एक बार फिर आप की ओर से की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान आतिशी ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि भाजपा की ओर से उन्हें ऑफर दिया जा रहा है और पार्टी में शामिल होने को कहा जा रहा है। आतिशी ने कहा कि मेरे करीबी के माध्यम मुझे बीजेपी में शामिल होने का ऑफर दिया गया। साथ ही आतिशी ने दावा किया कि आने वाले कुछ दिनों में आम आदमी पार्टी के कुछ और नेताओं को गिरफ्तार किया जा सकता है।



### आने वाले दिनों में मेरे घर भी होगी ईडी की रेड : आतिशी

पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री और बीजेपी ने अपना मन बना लिया है। वे आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं को कुचलना चाहते हैं, खत्म करना चाहते हैं। आप नेता ने कहा कि आम आदमी पार्टी का सीनियर लीडरशिप हिरासत में है। लेकिन रविवार को रामलीला मैदान पर लाखों लोगों के आने और सड़क पर आम आदमी पार्टी के संघर्ष के बाद, भाजपा आने वाले समय में हमारे चार बड़े नेताओं को जेल में डालेगी। आने वाले कुछ दिलों में मेरे निजी आवास पर ईडी की रेड होगी। मेरे रिश्तेदारों और परिवार वालों के घर रेड होगी। हम सबको समन भेजे जाएंगे और फिर गिरफ्तार किया जाएगा। आतिशी ने कहा कि बीजेपी का इरादा आने वाले 2 महीने में लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के 4 और नेताओं को गिरफ्तार करने का है। उन्होंने कहा कि वे मुझे, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को गिरफ्तार करेंगे। हम सबको जेल में डालने की योजना बनाई जा रही है।

### खुल्लम-खुल्ला गुंडागर्दी कर रही बीजेपी : सौरभ



आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 31 मार्च को जो रामलीला मैदान में दिखा, उससे भाजपा के होश उड़ गए हैं। भारत के विपक्षी पार्टियों के बड़े नेता उस मंच पर एकत्रित हुए थे। हम लोगों ने सभी नेताओं को फोन करके यहां आने को कहा था। भाजपा को लग रहा है हमने सब कुछ कर लिया। लेकिन यह पार्टी अभी भी खड़ी है। केंद्र सरकार पर हमला करते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दादागिरी हो गई है और खुल्लम-खुल्ला गुंडागर्दी हो रही है। ये डरा- धमकाकर और बांह मरोड़ के शासन चलना चाह रहे हैं, यह बात मैं ना भी कहूं तब भी सारे देश की जनता जानती है।

### बीजेपी के सपने में आती है आप

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमने सोचा 4 दिन केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पार्टी कैसे चलेगी? मनीष सिसोदिया और संजय सिंह दूसरी लीडरशिप बनकर आए तो उनको भी जेल में डाल दिया। राघव चड्ढा आतिशी और सौरभ भारद्वाज की थर्ड लाइन ऑफ लीडरशिप सामने आई।थर्ड लीडरशिप को जेल डाल दोगे तो चौथी लीडरशिप सामने आ जाएगी। रामलीला मैदान से निकली पार्टी है नेचुरल रूप से लीडरशिप सामने आ जाएगी। यह मजाक उड़ाते थे की सुपारी जितनी पार्टी है और ये उनका डर था। आज आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी के सपने में आती है। आप आज बीजेपी की दुश्मन नंबर 1 पार्टी है।

### पत्नी को सीएम बनाना चाहते हैं केजरीवाल : बीजेपी



भाजपा ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने जानबूझकर आतिशी मार्लेना और सौरभ भारद्वाज का नाम शराब घोटाले में लिया है। पार्टी के अनुसार, यह सुनीता केजरीवाल का राजनीतिक रास्ता साफ करने की कोशिश है।

### 'हम धमकी से डरने वाले नहीं'

बीजेपी पर हमला करते हुए आतिशी ने कहा कि मैं आज भारतीय जनता पार्टी को यह बताना चाहती हूं कि हम आपकी धमकी से डरने वाले नहीं हैं। हम भगत सिंह के चेले हैं, केजरीवाल के सिपाही है। जब तक आम आदमी पार्टी के हर कार्यकर्ता में आखिरी सांस बची है, हम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में इस देश को बचाने का काम करते रहेंगे। आप के हर विधायक को, हर आदमी को जेल में डाल दो। उनकी जगह 10 और लोग इस लड़ाई को लड़ने के लिए सामने आएंगे।

### जानबूझकर ईडी ने मेरा और सौरभ का नाम लिया

ईडी द्वारा खुद का नाम लिए जाने पर आतिशी ने कहा कि यह बिल्कुल संभव है, क्योंकि कल ईडी ने सौरभ भारद्वाज और मेरा नाम कोर्ट में लिया। एक ऐसे बयान के आधार पर हमारा लिया है, जो बयान ईडी और सीबीआई के पास डेढ़ साल से मौजूद है। यह बयान सीबीआई की चार्जशीट में है और ईडी के पास है। तो इस बयान को अब उठाने का क्या मतलब था?

# चुनाव आयोग ही लगा सकता है एजेंसियों पर लगाम : अखिलेश

» सपा प्रमुख ने इलेक्शन कमीशन की भूमिका को सराहा

» निष्पक्ष चुनाव कराने की जताई उम्मीद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। लोकसभा चुनाव करीब आते ही देश के अंदर सियासी सरगरमी बढ़ गई है। नेताओं द्वारा एक-दूसरे पर हमले भी शुरू हो गए हैं। तो वहीं कुछ नेताओं द्वारा एक दल से दूसरे दल में जाने का खेल भी लगातार जारी है। इस बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव लगातार भाजपा सरकार पर हमलावर हैं और इस चुनाव में भाजपा की करारी हार की बात कह रहे हैं।

एक बार फिर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख ने चुनाव आयोग के इस पर लगाम लगाने और निष्पक्ष चुनाव कराने की बात कही है। सपा प्रमुख ने कहा कि जिस तरह ED, CBI और IT विभाग के आगे के पहले अक्षरों को मिलाकर ECI यानी चुनाव आयोग बनता है, वो दरअसल इस बात का सकारात्मक इशारा है कि ‘Election Commission of India’ ही उम्मीद की वो किरण है, जो भाजपा सरकार द्वारा ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के दुरुपयोग पर आगे से लगाम लगा सकता है। सपा प्रमुख ने कहा कि आज से हम 2024 के शुरुआती चुनावी महीने में प्रवेश कर रहे हैं। आशा है ‘चुनाव आयोग’ अपनी सांविधानिक जिम्मेदारी निभाते हुए बेलगाम-बेईमान सरकारी तंत्र को सक्रिय नहीं होने देगा और हमेशा की तरह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए ढाल बनेगा। जब लोकतंत्र बचेगा तभी चुनाव आयोग की गरिमा और प्रतिष्ठा भी बची-बनी रहेगी। चुनाव आयोग को निर्भय होकर निष्पक्ष चुनाव कराने व सभी दलों को बिना किसी पक्षपात व भेदभाव के, चुनाव लड़ने के बराबर मौके देने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। निष्पक्ष चुनाव, चुनाव आयोग की जीत होगी।

**लोकतंत्र बचेगा तभी चुनाव आयोग की गरिमा बनी रहेगी**



## सपा ने खजुराहो लोकसभा सीट से उम्मीदवार बदला, पूर्व विधायक मीरा यादव को दिया टिकट

भोपाल। समाजवादी पार्टी (सपा) ने खजुराहो लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार मनोज यादव को सोमवार को पूर्व विधायकमीरा दीप नारायण यादव से बदल दिया। खजुराहो सीट पर मीरा यादव का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)की मध्य प्रदेश इकाई केप्रमुख एवं मौजूदा सांसद वी डी शर्मा से होगा। इस सीट पर मतदान 26 अप्रैल को होगा। कांग्रेस ने सपा के साथ सीट बंटवारा समझौते केतहत राज्य में अखिलेश यादव केनेतृत्व वाली सपा को एकमात्र सीट आवंटित की थी। सपा केराष्ट्रीय प्रवक्ता यश भारतीय ने बताया, यह बदलाव भाजपा केखिलाफएकशक्तिशाली और स्थानीय उम्मीदवार खड़ा करने केलिए किया गया है। वी डी शर्मा 2019 में खजुराहो से 4.5 लाख से ज्यादा वोट से जीते थे।मीरा यादव ने 2008 में सपा के टिकट पर निवारी विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी, जो खजुराहो लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। उनकेपति दीप नारायण यादव 2007 और 2012 में पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में झांसी के गरौठा से सपा विधायक थे। इसकी सीमा मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले से लगती है। दीप यादव मध्य प्रदेश सपा प्रमुख भी रह चुके है। उत्तर प्रदेश के शिकोहाबाद केरहने वाले लेकिन मध्य प्रदेश में बस गए मनोज यादव की उम्मीदवारी की घोषणा दो दिन पहले सपा ने की थी।

# मेरे बेटे का इरादा कभी भी शाह का अपमान करने का नहीं था : सिद्धारमैया

» विवादास्पद बयान का किया बचाव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



मैसुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अमित शाह पर निशाना साधने वाले अपने बेटे यतींद्र के बयान का बचाव किया, जिसे भाजपा ने निंदनीय और केंद्रीय गृह मंत्री पर निजी हमला बताया है तथा निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। सिद्धारमैया ने कहा कि उनके बेटे का इरादा कभी भी शाह का अपमान करने का नहीं था और उनका बयान अदालत में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की दलील पर आधारित था। पूर्व विधायक यतींद्र ने पिछले बृहस्पतिवार को चामराजनगर जिले के हनूर शहर में पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए कथित तौर पर कहा, गृह मंत्री अमित शाह एक गुंडा, उपद्रवी हैं, उनके खिलाफ गुजरात में हत्या का एक आरोप था और उन्हें तड़ीपार किया गया था तथा (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी ने ऐसे लोगों को अपने साथ में रखकर राजनीति की...।

भाजपा की कर्नाटक इकाई ने एक दिन बाद निर्वाचन आयोग में एक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बयान को पार्टी नेता पर व्यक्तिगत हमला बताया गया और आरोप लगाया गया कि यतींद्र ने शाह के खिलाफ अपमानजनक और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया। इसमें कहा गया कि बयान से आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया। सिद्धारमैया ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, यतींद्र ने अदालत में सीबीआई रिपोर्ट के आधार पर बयान दिया है। क्या अदालत को सौंपी गई सीबीआई रिपोर्ट सही है या गलत? अदालत में सीबीआई की दलील के आधार पर उन्होंने यह बात कही है।

# पूजा स्थल अधिनियम धर्मनिरपेक्षता के प्रति दायित्व दर्शाता है : ओवैसी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

हैदराबाद। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी नेकहा कि पूजा स्थल अधिनियम भारतीय संविधान के तहत धर्मनिरपेक्षता के प्रति अक्षुण्ण प्रतिबद्धता का दायित्व देता है। उच्चतम न्यायालय द्वारा वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू समुदाय के पूजा-पाठ पर रोक लगाने से इनकार करने वाली मीडिया की एक खबर को टैग करते हुए हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया।

उन्होंने लिखा, पूजा स्थल अधिनियम भारतीय संविधान के तहत धर्मनिरपेक्षता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को लागू करने के लिए एक अक्षुण्ण



दायित्व निर्धारित करता है...गैर-प्रतिगमन मौलिक संवैधानिक सिद्धांतों की एक मूलभूत विशेषता है जिसमें धर्मनिरपेक्षता एक मुख्य घटक है। इस प्रकार पूजा स्थल अधिनियम एक विधाई हस्तक्षेप है जो हमारे धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की एक अनिवार्य विशेषता के रूप में गैर-प्रतिगमन को संरक्षित करता है।

# पूर्णिया से ही दाखिल करूंगा पर्चा: पप्पू यादव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने इस सप्ताह के अंत में बिहार के पूर्णिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से पर्चा दाखिल करेंगे। इसके साथ ही यादव ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से सहयोगी कांग्रेस के लिए यह लोकसभा सीट छोड़ने का आग्रह किया। हाल ही में अपने राजनीतिक दल जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय करने वाले यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने निर्णय का ऐलान किया। कांग्रेस के सहयोगी राजद ने पूर्णिया सीट से बीमा भारती को




उम्मीदवार बनाया है, जो मंगलवार को पर्चा दाखिल कर सकती हैं।

यादव ने लिखा, देश भर में फैले पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के साथी, मेरे जन नामांकन में शामिल होना चाहते हैं, उनकी सुविधा के लिए पूर्णिया की महान जनता द्वारा प्रस्तावित नामांकन तिथि दो अप्रैल की जगह चार अप्रैल हो गया है। आप सब इसमें शामिल हों और आशीष दें। अपनी मर्जी से पार्टी नेताओं को टिकट बांटने वाले राष्ट्रीय जनता दल एवं उसकी सहयोगी कांग्रेस ने पहले चरण में मतदान होने वाले सीटों को छोड़ कर प्रदेश में अब तक किसी भी सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम का औपचारिक ऐलान नहीं किया है।

## लालू ने हरिहरनाथ मंदिर में किया दर्शन और पूजन

राष्टीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी ने सोमवार को बेटियों मीसा भारती और रोहिणी आचार्य के साथ बिहार के सारण जिले में स्थित प्रसिद्ध हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।रोहिणी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, बाबा हरिहरनाथ और सारण की जनता जनार्दन दोनों का आशीर्वाद प्राप्त किया आज। अभिभूत हूं आप सबों से मिले असीम प्यार एवं आशीर्वाद से, ह्रदय से आभार। जय बाबा हरिहरनाथ। जय सारण। जय बिहार। जय राजद। जय इंडिया गठबंधन। राजद सूत्रों का कहना है कि सिंगापुर में रहने वाली रोहिणी के सारण लोकसभा सीट से और राज्यसभा सांसद मीसा भारती के पाटलिपुत्र निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने की संभावना है।




# केजरीवाल सीएम बने रहेंगे : आप

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में शहर की एक अदालत द्वारा 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि उनकी जगह कौन लेगा। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने दावा किया है कि केजरीवाल सरकार का नेतृत्व करना जारी रखेंगे, चाहे उन्हें कितने भी समय तक जेल में रहना पड़े। सूत्रों ने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक की पत्नी सुनीता केजरीवाल द्वारा आने वाले दिनों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की संभावना है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कैबिनेट मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख गोपाल राय सहित पार्टी के अन्य नेताओं के भी अधिक सक्रिय भूमिका निभाने की संभावना है।

विशेषज्ञों का कहना है कि केजरीवाल की अनुपस्थिति से हालांकि दिल्ली में शासन पर तुरंत प्रभाव नहीं



पड़ेगा, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद आदर्श आचार संहिता हटने पर चुनौतियां सामने आ सकती हैं।

## मुख्यमंत्री ने दिल्ली को लोगों की सेवा करने की संवैधानिक शपथ ली : जैस्मीन

आप नेता जैस्मीन शाह ने कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री बने रहेंगे, चाहे उन्हें कितने भी समय तक जेल में रखा जाए क्योंकि उन्होंने दिल्ली के लोगों की सेवा करने की संवैधानिक शपथ ली है। उन्होंने कहा, अभी तक कोई सुनवाई नही हुई है, सजा तो दूर की बात है। यह उनका (केजरीवाल का) संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है क्योंकि मुख्यमंत्री ने दिल्ली के लोगों की सेवा करने की संवैधानिक शपथ ली है।



# चुनावी मात में कहीं विपक्ष लगा न दे घात

## दिल्ली के सीएम केजरीवाल के समर्थन में आया इंडिया गठबंधन




## मैदान में दिखी मिनी इंडिया की झलक

इंडिया गठबंधन की महारैली में रामलीला मैदान में मिनी इंडिया की झलक देखने को मिली। जम्मू-कश्मीर, गुजरात, मणिपुर व कन्याकुमारी के साथ विभिन्न राज्यों से लोग पहुंचे थे। रैली में शामिल होने के लिए लोग भोर से ही आयोजन स्थल में पहुंच रहे थे। कोई ट्रेन, बस, तो कोई अपने वाहनों से रैली में पहुंचने लगे थे। यहां आ रहे लोगों व कार्यकर्ताओं में एक अलग तरह का जोश दिखा। हर कोई उत्साह के साथ रामलीला मैदान में पहुंच रहा था। आलम यह था कि दोपहर बाहर बजे तक रामलीला मैदान लोगों से खचाखच भर गया, जो कुर्सियां लगाई थीं, वह कहीं नजर नहीं आ रही थी। जैसे-जैसे दोपहर में सूरज की तपिश बढ़ रही थी, वैसे ही लोगों में भी जोश बढ़ता जा रहा था। ऐसे में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मियों ने कुछ देर के लिए मैदान में प्रवेश बंद कर दिया। इससे नेताओं में रोष देखने को मिला। हालांकि, मंच से नेताओं की अपील के बाद लोगों को प्रवेश फिर से खोला गया।

- » दिल्ली की महारैली से उड़ी बीजेपी की नींद
- » लोस चुनाव-24 पर पड़ेगा असर
- » रैली से बढ़ा आम आदमी पार्टी का कद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आते जाएंगे सियासत के रंग और गहराते जाएंगे। सत्ता पर बैठी बीजेपी अपने तिकड़मों से विपक्षी गठबंधन को ईडी, सीबीआई, आईटी के जरिये घेरने का प्रयास करेगी। पर उसके सारे कुचक्रों को धता बताते हुए इंडिया गठबंधन ने अपनी एकजुटता दिखाना शुरू कर दिया है। गत रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप व कांग्रेस समेत सभी इंडिया गठबंधन के सहयोगियों विशाल महारैली की। इस रैली में लगभग सहयोगी दलों के सभी प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। इस रैली लाखों की संख्या में लोग जुटे। भीड़ को देखकर कुछ सियासत के जानकारों ने बताया कि इसी तरह की भीड़ 1975 में इन्द्रा गांधी सरकार के खिलाफ थी जब लोनायक जयप्रकाश ने समग्र क्रांति की थी। उस समय पूरे विपक्ष की एक जुटता की वजह से कांग्रेस की सरकार को मुहं की खानी पड़ी थी।

हालांकि इस बार की विपक्ष की रैली उसे सत्ता तक पहुंचा पाती है कि नहीं ये 4 जून को ही पता चल पाएगा। इस रैली अखिलेश, तेजस्वी, खरगे व अन्य सभी ने बीजपी की मोदी सरकार को खूब कोसा। उधर इस महारैली के बाद चर्चा है किवहां उमड़ी भीड़ से बीजपी बेचैन हो गई है। वहीं शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आम आदमी पार्टी के प्रमुख केजरीवाल को खचाखच भरे अदालत कक्ष में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया था। 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए केजरीवाल के वकील ने कोर्ट से उनके लिए कुछ मांगे रखी हैं। उन्होंने जेल में पढ़ने के लिए तीन किताबों की मांग की इन किताबों में रामायण, श्रीमद् भागवत गीता और पत्रकार नीरजा चौधरी द्वारा लिखी गई



शामिल है। इसके अलावा उनके वकील ने कोर्ट में कुछ जरूरी दवाएं दी जाने की भी मांग की है। साथ ही अरविंद केजरीवाल ने अपनी बीमारी के मद्देनजर जेल के अंदर स्पेशल डाइट की भी मांग की है। रामलीला मैदान में गठबंधन की महारैली से आम आदमी पार्टी का कद बढ़ता नजर आया। गठबंधन की राजनीति में आप की अहमियत का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पहली बार जांच एजेंसियों पर दुरुपयोग का आरोप लगाकर पूरा गठबंधन एकजुट नजर आया। इससे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री जब इस्तीफा देकर जेल गए थे तो विपक्ष इतना मुखर नहीं हुआ था। पहले भी गठबंधन की रैलियां व सम्मेलन महाराष्ट्र और बिहार में हुए लेकिन इतना बड़ा जमावड़ा देखने को नहीं मिला था। रैली में केजरीवाल की पत्नी को भी काफी अहमियत मिली। मंच से गठबंधन के कद्दावर नेताओं ने आप की सराहना भी की। केंद्र सरकार पर निशाना साधने के साथ ही जांच एजेंसियों के मुद्दे पर सभी एकजुट दिखे। हालांकि, राजनीतिक जानकारों का कहना है कि विपक्ष ने रैली को शक्ति प्रदर्शन का भी मंच बनाया।

### तेजस्वी यादव के दावों पर भड़के केंद्रीय मंत्री



राजद नेता तेजस्वी यादव के इंडी गठबंधन की रैली में दिए बयान पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, तेजस्वी यादव भ्रष्टाचार के प्रतीक बने हुए हैं। वे घोटाला, भ्रष्टाचार करते-करते थक भी नहीं रहे। सीबीआई, ईडी या फिर जो भी इस प्रकार की संस्थाएं हैं वो स्वतंत्र हैं। जहां अपराध होते हैं, वहीं ये एजेंसियां कानून के हाथ के रूप में जाती हैं। इस देश का कानून सभी के लिए बराबर है। तेजस्वी यादव एक बड़े औदे पर रहे हैं... तो क्या वे अपराध करते रहें और कानून उन तक ना पहुंचे?... ये कानून किसी को छोड़ता नहीं है... उनका कहना गलता है कि ये सभी संस्थाएं भाजपा की है और भाजपा इन्हें चलाती है।

### पूर्व सीएम सोरेन के काम से घबराई बीजेपी : चंपई



इंडिया गठबंधन की महारैली को संबोधित करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा,आज जिस जमीन के नाम पर उन्हें गिरफ्तार किया गया, उस जमीन का कहीं भी किसी किताब में जिक्र नहीं है। झारखंड में हेमंत सोरेन ने पिछड़े वर्गों और समुदायों का जो उत्थान किया, उससे भाजपा के पेट में दर्द शुरू हो गया। यही लड़ाई हमारे पूर्वजों ने भी झारखंड में लड़ी थी। हम सब एक हैं। हम झारखंड के साथ-साथ देश में भी भाजपा की विचारधारा को पनपने नहीं देंगे..।महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा, कि भारत की राजनीति में एक नई ऊर्जा आज पैदा हुई है जो यहां मौजूद है। ये ऊजर्श्वा भारत के संविधान और लोकतंत्र को जीत दिलाएगी और तानाशाही की ताकतों को हरवाएगा।

### मैदान के बाहर भी लोग दिखे उत्साहित

आयोजन स्थल में तो भीड़ थी ही, लेकिन रामलीला मैदान के बाहर भी बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी नजर आई। जो लोग मैदान में नहीं पहुंच पाए वह बाहर से ही नेताओं का संबोधन सुन रहे थे। आलम यह था कि पुलिस को आनन-फानन में एक सड़क को बंद करना पड़ा।

### विपक्ष का फ्लॉप शो : सचदेवा



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रामलीला मैदान की रैली को फ्लॉप शो करार दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के 61 विधायक 6,100 लोगों की भीड़ जुटाने में भी विफल साबित हुए। मंच से दिल्लीके मुख्यमंत्री के तस्वीर को हटवाने से यह भी साफ हो गया कि गठबंधन सिर्फ नाम का है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के सुर-ताल मेल नहीं खाते हैं।

### कांग्रेस ने रैली को दी महत्ता

रैली से एक दिन पहले, कांग्रेस ने इस बात पर जोर दिया कि यह कार्यक्रम व्यक्ति-केंद्रित नहीं होगा। रविवार को पार्टी ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपने सभी दिग्गजों को मंच पर तैनात किया कि ध्यान उससे न हटे। मंच पर गांधी परिवार, खड़गे और पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल मौजूद थे। खड़गे, राहुल और प्रियंका ने सभा को संबोधित किया। दिलचस्प बात यह है कि बैठक में सोनिया गांधी भी मौजूद थीं, जिससे कांग्रेस के लिए इस आयोजन के महत्व को रेखांकित किया गया। सोनिया 17 मार्च को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर मुंबई में आयोजित विपक्ष की बैठक में शामिल नहीं हुई थीं। हालांकि, आप लगातार केजरीवाल पर पर फोकस करती रही। कांग्रेस और आप के बीच पंजाब को छोड़कर विभिन्न राज्यों में सीटों के बंटवारे पर समझौता हो गया है। खड़गे ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए मान को एक संदेश भेजा। उन्होंने कहा कि मिल के चलेंगे। इसलिए मैं पंजाब के हमारे मुख्यमंत्री से मुख्य अपेक्षा करता हूं जब एक होंगे हम लड़ेंगे तब भी हम कुछ हासिल करेंगे। नहीं तो एक दूसरे को कुचलते रहेंगे आप कभी आगे नहीं आएंगे। पहले एक होने का सीखो, एक दूसरे को तोड़ने का मत सोचो। ये हमारा उसूल होना चाहिए। पंजाब में 1 जून को आखिरी चरण में मतदान होने जा रहा है, ऐसे में कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि खड़गे की टिप्पणी से पार्टी नेतृत्व को आप शासित राज्य में समझौता करने की उम्मीद का संकेत मिलता है।



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# अरुणाचल पर कब गंभीर होंगे जिम्मेदार लोग

"दरअसल, चीन ने एक रिपोर्ट में बताया कि चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदलने को लेकर चौथी लिस्ट जारी की है। मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश के अंदर की 30 जगहों के नाम बदले गए हैं। रिपोर्ट में बताया कि ये आदेश 1 मई से लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान किया गया है।

*सरकार कई बार ये दावे करती है कि भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालाकि समय-समय पर इसको लेकर विपक्ष ने कई बार सरकार से सवाल पूछा है। सरकार इन मामलों में लोगों को बातों में उलझाकर अंततः दबा देती है। पर जिस तरह की खबरें आ रही है उससे तो मोदी सरकार के कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। दरअसल, चीन ने एक रिपोर्ट में बताया कि चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदलने को लेकर चौथी लिस्ट जारी की है। मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश के अंदर की 30 जगहों के नाम बदले गए हैं। रिपोर्ट में बताया कि ये आदेश 1 मई से लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान किया गया है। हालांकि, भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने की बात को खारिज किया है। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है और उसका नाम बदल देने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा। अभी पिछले महीने थल सेनाध्यक्ष की टिप्पणी कि चीन सीमा के पास हालात स्थिर हैं पर संवेदनशील हैं, गहरे निहितार्थ लिए हुए है।*

*यह हकीकत है कि चीन की सीमा पर उसके साथ पिछले वर्ष जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। अब चीन सीमा के नजदीक भारतीय सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण अरुणचल में कई बुनियादी सुविधाएं भारत बढ़ा रहा है। पर इन सबके बावजूद चीन अपनी हरकतें नहीं सुधार रहा है। अभी वहां पर कई सुरंग बनाए जा रह हैं जो लाभकारी सिद्ध होंगे। एक सुरंग सेला टनल है कहा जा रहा था कि इसके तैयार हो जाने से भारतीय सेना के जवानों की पहुंच हर मौसम में चीन सीमा तक बनी रहेगी। यह टनल चीन सीमा तक पहुंचने के लिए प्राकृतिक रास्ते सेला दर्रे से 4200 मीटर तक खुदाई करके बनाई गई है। सेला दर्रा जहां कुछ माह बर्फ से ढके रहने के कारण बंद रहता है वहीं सेला टनल पूरे वर्ष आवागमन के लिए खुली रहेगी। इसके अलावा यह टनल चीन के सीमावर्ती इलाके से अरुणाचल प्रदेश और देश के बाकी हिस्से को पूरे वर्ष जोड़े रखेगी। ये सब तो ठीक हे पर जिन स्थानों के नाम बदलकर चीच अपने कब्जे का दावा कर रही है उस ओर भी ध्यान देना होगा। हालांकि चीन ने पैंगांग झील के उत्तरी हिस्से में अपनी सेनाएं तैनात कर रखी हैं। ऐसे में भारतीय सेना अपने नियंत्रण वाले ऊंचाइयों के स्थानों को छोड़ने के पक्ष में बिल्कुल नहीं है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों की सेनाओं के कमांडरों के बीच कई दौर की वार्ता बेनतीजा रही है। अभी इस साल की शुरुआत में पंद्रह जनवरी को देश ने सेना दिवस मनाया, सेना नये आत्मविश्वास से भरी है पर इसतरह की खबरों से उसका मनोबल टूटता है।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# आबादी असंतुलन से उपजे संकट की आहट

**अखिलेश आर्येंदु**

एक दौर था जब दुनिया के तमाम देश बढ़ती आबादी और संसाधनों के बेतहाशा दोहन और कम संसाधनों की वजह से परेशान थे। आज भी तमाम विकासशील देश बढ़ती आबादी से बढ़ रही समस्याओं और संसाधनों की कमी की वजह से परेशान हैं। दूसरी तरफ विकसित देशों में घटती जन्मदर से आर्थिक और सामाजिक ताने बाने पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वर्ष 2022 के संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक पिछले दस वर्षों में एक करोड़ से ज्यादा आबादी वाले आठ देशों की आबादी कम हो गई है, जिनमें ज्यादातर देश यूरोप के हैं। जापान आबादी में आ रही गिरावट व बुजुर्गों की बढ़ती आबादी से परेशान है। इसका सामाजिक-आर्थिक हालात पर असर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय जनरल द लेंसेट में 20 मार्च 2024 को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारत में लड़कियों की आबादी दर घटने के कारण सामाजिक ताने बाने पर असर पड़ रहा है।

जीवन शैली में बदलाव की वजह से युवा शादियां विलम्ब से करने लगे हैं, जिसका असर बच्चों के पालन-पोषण, उनकी शिक्षा और सेहत पर पड़ता है। इससे सामाजिक ताना-बाना गड़बड़ा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 1950 तक यानी 74 साल पहले भारत की प्रजनन दर जो 6.2 थी, 2021 साल आते-आते घट कर दो प्रतिशत से भी कम रह गई। अध्ययन व अनुमान के मुताबिक 2050 तक प्रजनन दर घट कर 1.29 और साल 2100 में घटते-घटते 1.04 तक पहुंच सकती है। गौरतलब है प्रजनन दर 2.1 को रिप्लेसमेंट लेवल कहा जाता है। यानी इस दर पर आबादी स्थिर रहती है और इससे कम होने पर घटने लगती है। युवाओं की आबादी घटने का मतलब वृद्धों की आबादी में वृद्धि। यानी श्रम शक्ति में कमी आना। यह किसी भी देश के लिए एक जोखिम की स्थिति हो सकती है। भारत को भी एक या दो दशक बाद श्रम शक्ति की कमी से समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। विकसित देशों में भी जन्म-मृत्यु दर में असंतुलन पैदा हो गया है। अध्ययन के मुताबिक 2030 तक स्पेन, दक्षिण कोरिया, रूस, सिंगापुर और जर्मनी की आबादी घटनी शुरू हो जाएगी।

इसके अलावा भारत, नेपाल, श्रीलंका और म्यांमार की आबादी की रफ्तार भी थम सकती है। अभी हालत यह है कि कई विकसित देशों में बच्चों की जन्मदर बहुत तेजी से घट रही है।



इसमें सिंगापुर और जापान प्रमुख हैं। सिंगापुर में बच्चों की जन्मदर 0.97 प्रतिशत है तो जापान में बच्चों की जन्मदर 0.6 है। कोरिया में प्रजनन दर 0.72 प्रतिशत है। इस तरह देखें तो जन्मदर उन देशों में सबसे कम है जो विकसित और खुशहाल माने जाते हैं। गौरतलब है जापान ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए युवाओं को इनाम दे रहा है। इसके बावजूद शादी करने वाले युवाओं की संख्या लगातार कम हो रही है। वर्ष 2023 में महज चार लाख युवाओं ने ही शादियां कीं। इसी तरह सिंगापुर में 2023 में 26,500 युवाओं ने ही शादियां कीं। जन्मदर की यह कमी जापान और सिंगापुर की अर्थव्यवस्था पर सीधे असर डाल रही है। चीन, जो आबादी के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश है, की आबादी वर्ष 2100 तक आज के स्तर से आधी यानी 1.4 अरब से घट कर 77.1 करोड़ रह सकती है। लेकिन दुनिया के तमाम अविकसित देशों में आबादी घटने के बजाय लगातार बढ़ रही है। इनमें अफ्रीकी देशों के अलावा मध्यपूर्व के मुस्लिम देश भी शामिल हैं। वहीं जिन देशों में बच्चों की जन्मदर बहुत अधिक है, उन देशों को संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इसमें पीने के पानी, खाद्यान्न के अलावा दवाएं व रोजगार की कमी शामिल है। भारत में पिछले दस सालों में पानी, खाद्यान्न और रोजगार में कमी देखी जा रही है, लेकिन बूढ़े हो रहे लोगों की संख्या बढ़ रही है। वहीं भारत के पड़ोसी देशों से खासकर बांग्लादेश, म्यांमार से पलायन कर आए शर्णार्थियों की वजह से भी जनसंख्या घनत्व पर असर पड़ा है। भारत में स्थिर जनसंख्या के लक्ष्य को हासिल करना बहुत बड़ी चुनौती है। बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे तमाम राज्यों में बच्चों की जन्मदर काफी अधिक है।

इन राज्यों में जनसंख्या घनत्व दूसरे राज्यों से अधिक है। इसी के साथ भारत में युवाओं की बहुत बड़ी आबादी बेरोजगार है। इसलिए रोजगार की समस्या को प्राथमिकता के तौर पर हल करें। यूं तो बेरोजगारी की समस्या को हल करने के मद्देनजर सरकारों ने कई कदम उठाए हैं, लेकिन आज भी करोड़ों की तादाद में भारत के युवा बेरोजगार हैं। इसलिए गैर बराबरी की समस्या भारतीय समाज में तेजी से बढ़ी है। भारत एक विकसित देश बने, इसके लिए जरूरी है कि आबादी में संतुलन बनाया जाए।

# तरक्की की नई ऊर्जा डिजिटल अर्थव्यवस्था




**बीते वर्ष 2023 में देश में कुल डिजिटल भुगतान यूनिफाइड पेमेंटस इंटरफेस (यूपीआई) की हिस्सेदारी बढ़कर 80 फीसदी के करीब पहुंच गई है। यूपीआई लेनदेन की संख्या महज छह साल में 273 गुना बढ़ी है। वर्ष 2017 में 43 करोड़ यूपीआई लेनदेन हुए थे वर्ष 2023 में इनकी संख्या बढ़कर 11761 करोड़ हो गई।**

**जयंतीलाल भंडारी**

भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बनी है, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था। हाल ही में इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटर-नेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (इक्रियर) और वैश्विक उपभोक्ता इंटरनेट समूह प्रोसेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की वैश्विक रैंकिंग में अब भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया के तीसरे नंबर का सबसे बड़ा देश बन गया है। ऐसे में अब भारत के आम आदमी की डिजिटल सहभागिता बढ़ाने के लिए गांवों व पिछड़े क्षेत्रों तक डिजिटल साक्षरता, स्टूडेंट्स के लिए स्कूलों-कॉलेजों में अच्छा डिजिटल कौशल, प्रशिक्षण, सस्ते स्मार्टफोन, इंटरनेट की निर्बाध कनेक्टिविटी और बिजली की सरल आपूर्ति जैसी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने से भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकेगा। इसी प्रकार डिजिटल भुगतान में भारत विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर है। बीते वर्ष 2023 में देश में कुल डिजिटल भुगतान यूनिफाइड पेमेंटस इंटरफेस (यूपीआई) की हिस्सेदारी बढ़कर 80 फीसदी के करीब पहुंच गई है। यूपीआई लेनदेन की संख्या महज छह साल में 273 गुना बढ़ी है। वर्ष 2017 में 43 करोड़ यूपीआई लेनदेन हुए थे वर्ष 2023 में इनकी संख्या बढ़कर 11761 करोड़ हो गई।

गौरतलब है कि इक्रियर द्वारा डिजिटल अर्थव्यवस्था पर हुई यह स्टडी कनेक्ट, हार्नेस, इनोवेट, प्रोटेक्ट और सस्टेन जैसे पांच महत्वपूर्ण पैरामीटर्स पर आधारित है। इन पैरामीटर्स पर भारत ने 39.1 स्कोर किया है, जबकि पहले क्रम पर स्थित अमेरिका ने 65.1 और दूसरे क्रम पर स्थित चीन ने 62.3 स्कोर किया है। एक उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत ने डिजिटल युग में छलांग लगा दी है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट नेटवर्क वाला देश है। भारत में डिजिटल प्रौद्योगिकी को न केवल युवा अपना रहे हैं बल्कि शिक्षित बुजुर्ग भी इसमें पीछे नहीं हैं। जी20 की अध्यक्षता के दौरान, भारत को सार्वजनिक सेवाओं की बड़े पैमाने पर डिलीवरी के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने के चैंपियन के रूप में मान्यता दी गई थी। इन्फोसिस के सह-संस्थापक और चेयरमैन नंदन नीलेकणी का भी कहना है कि भारत ने अपने अनोखे डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और नई डिजिटल पूंजी के सहारे पिछले 10 साल में वह कर दिखाया, जिसमें पारंपरिक तरीके से पांच दशक लग जाते। भारत वित्तीय प्रौद्यौगिकी (फिनटेक) और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में वैश्विक मंच पर चमक रहा है। 50 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को जनधन खातों के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है। डिजिटलीकरण ने भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में और आधार ने लीकेज को कम करते हुए लाभार्थियों को भुगतान के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर-डीबीटी में मदद की। आईएमएफ द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट विश्व आर्थिक परिदृश्य में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद डिजिटलीकरण भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

भारत में वर्ष 2014 से लागू की गई डीबीटी योजना एक वरदान की तरह दिखाई दे रही है। सरकारी योजनाओं के तहत बिचौलियों के भ्रष्टाचार को रोकने, काम के भौतिक रूपों व सरकारी कार्यालयों में लम्बी कतारों से राहत और घरों में आराम से मोबाइल स्क्रीन पर कुछ क्लिक करके विभिन्न सेवाओं, सुविधाओं और मनोरंजन की सहज उपलब्ध सुविधाएं हैं। डिजिटल पेमेंट के मामले में भारत ने अमेरिका, यूके और जर्मनी जैसे बड़े देशों को पीछे कर दिया है। उल्लेखनीय है कि आरबीआई द्वारा वर्ष 2022 से प्रायोगिक स्तर पर खुदरा क्षेत्र में ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) एक सीमित उपयोगकर्ता समूह (सीयूजी) के बीच जारी की गई थी। प्रायोगिक तौर पर जारी यह डिजिटल मुद्रा फिलहाल लोगों के बीच आपसी लेनदेन तथा लोगों और व्यापारियों के बीच के लेनदेन की सुविधा देती है जिसमें डिजिटल रुपये वाले वॉलेट का इस्तेमाल किया जाता है। अब रिजर्व बैंक ने प्रस्ताव रखा है कि इस मुद्रा की प्रोग्रामेबिलिटी को ऑफलाइन आजमाया जाए जिससे न केवल डिजिटल मुद्रा को अपनाने के मामले बढ़ेंगे बल्कि सार्वजनिक नीति संबंधी लक्ष्य हासिल करने में भी मदद मिलेगी।


यह बात भी महत्वपूर्ण है कि डिजिटल के विस्तार के साथ ही, धोखाधड़ी की आशंकाएं भी बढ़ी हैं। धोखाधड़ी में साइबर लुटेरे ही नहीं, बल्कि कई बड़ी संस्थाएं भी लगी हुई हैं। वित्तीय वर्ष 2023 में बैंकिंग प्रणाली में कुल 13,530 धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में से लगभग 49 प्रतिशत डिजिटल भुगतान-कार्ड या फिर इंटरनेट श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। अतः डिजिटल आधारित बैंकिंग की दुनिया में सौ फीसदी विश्वसनीयता बनाए रखने हेतु रणनीतिक प्रयत्न जरूरी है।

# इन सब्जियों से चमकेगा चेहरा

हम सभी को अक्सर ये सलाह मिलती है कि अपनी डाइट में ज्यादा से ज्यादा फलों और सब्जियों को शामिल करें। इनके सेवन से शरीर अंदर से तंदरूस्त बनता है। ऐसे में बड़े से लेकर बच्चे तक अपने खाने में फल और ज्यादा से ज्यादा सब्जियों का इस्तेमाल करते हैं। शरीर की आंतरिक तंदरूस्ती मजबूत करने के साथ बाहर से भी त्वचा की रंगत निखारना बेहद जरूरी होता है। बाहरी त्वचा की रंगत निखारने के लिए बाजार में कई प्रकार के फलों से बने फेसपैक मिल जाते हैं, इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत भी नहीं हैं। इन सब्जियों के फेसपैक के नियमित इस्तेमाल से आपकी त्वचा खिल उठेगी। इनका इस्तेमाल करना और इन फेसपैक को बनाना बेहद ही सरल है।



## खीरे का फेसपैक



खीरा पोषक तत्वों, विटामिन और खनिज पदार्थों से भरपूर होता है। खीरा त्वचा को कई तरह से लाभ पहुंचा सकता है इसे बनाने के लिए आपको आधा खीरा चाहिए होगा। इसके साथ ही चौथाई कप ठंडी ग्रीन टी की भी आपको जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को छीलकर पीस लें। इसके बाद इसमें ठंडी ग्रीन टी को मिलाकर चेहरे पर लगाएं। तकरीबन दस मिनट के बाद आपको चेहरा धो लेना है। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में एक बार कर सकते हैं।

## पालक का फेसपैक

पालक में ऐसे तत्व होते हैं जो स्किन पर मौजूद दाग-धब्बों को दूर करते हैं। इसके अलावा यह कोलेजन के प्रॉडक्श न में मदद करता है, जिसके कारण स्किन और भी स्मूद और ग्लोइंग बनती है। इतना ही नहीं यह झुर्रियां और फाइन लाइन्स को रिमूव करने में भी मदद करता है। पालक पिंपल्स और स्किन संबंधी अन्य समस्याओं को भी ट्रीट करने में मदद करता है। इसे तैयार करने के लिए आपको साफ किए हुए पालक की थोड़ी सी पत्तियों की जरूरत पड़ेगी। इसके साथ ही इसमें मिलाने के लिए आपको आधा केला चाहिए होगा। इस पैक को तैयार करने के लिए सबसे पहले इन दोनों चीजों को मिक्सी में पीस कर पेस्ट बना लें। इसके बाद इसे दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। दस मिनट के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। आप 15 दिन में एक बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

## पालक का फेसपैक बनाने का तरीका


पालक का मास्क बनाने के लिए ज्यादा चीजों की जरूरत नहीं है। बस 1 कटोरी पिसे हुए पालक में 2 चम्मच बेसन, आधा चम्मच हल्दी, एक नींबू का रस और कुछ बूंदें शहद की मिला लें। अब इस पैक को पूरे चेहरे पर लगाएं और आधे घंटे तक ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद हल्के हाथ से चेहरे की 5-10 मिनट मसाज करें। अब चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें और फिर मॉइश्चराइजर लगाएं।



## टमाटर का पैक



टमाटर का पैक तैयार करने के लिए आपको एक टमाटर का पल्प चाहिए। इसके साथ ही एक टीस्पून गुलाब जल और चौथाई टीस्पून नींबू के रस की आपको जरूरत पड़ सकती है। एक कटोरे में इन सभी चीजों को मिलाकर इससे अपने चेहरे पर मसाज करें। मसाज करने के बाद तकरीबन 5 मिनट चेहरे को ऐसे ही रखें और फिर चेहरा धो लें। अगर आप 15 दिन में इस पैक का इस्तेमाल करेंगे तो आपकी त्वचा खिल उठेगी। बेसन, टमाटर और दही के फेस पैक से आपकी त्वचा का रूखापन भी दूर होता है। इसके साथ ही ज्यादा तैलीयपन भी कम होता है। कुल मिलाकर ये फेस पैक त्वचा के ऑयल को बैलेंस करता है। यदि आप रूखी त्वचा के लिए इस पैक को बना रहे हैं तो ऐसे में बेसन और टमाटर की अपेक्षा दही का उपयोग थोड़ा अधिक करें। बेसन, टमाटर और दही के फेस पैक में विटामिन सी का गुण त्वचा से टैन को दूर करने में सहायक होता है। आपको बता दें कि टमाटर के अंदर ऐसे कई गुण होते हैं जो धूप के कारण टैन हुई त्वचा को ठीक करने में सहायक होता है। बस आपको इस फेसपैक में नींबू का रस भी एड करना होगा। इससे आपकी त्वचा का टैन जल्द ठीक होने लगेगा।



## हंसना मना है

गप्पू एक मोबाइल कंपनी में इंटरव्यू देने गया पहले सवाल पर ही उसे वहां से भगा दिया गया... सवाल- सबसे ज्यादा मशहूर नेटवर्क कौन सा है? गप्पू- कार्टून नेटवर्क।

शादी के बाद पहली बार बहू रेसिपी बुक देखकर खाना बना रही थी... सास (फ्रिज खोलते हुए)- अरे बहू ये मंदिर का घंटा फ्रिज में क्यों रखा है? बहू- मम्मी जी, बुक में लिखा है चीजों को मिलाकर एक घंटा फ्रिज में रख दें।

वाईफ: जानू हम ना.. मंडे .. शॉपिंग, ट्यूसडे .. होटल, वेडनेसडे .. आउटिंग, थर्सडे .. डिनर, फ्राइडे .. मूवी, सैटरडे .. पिकनिक जायेंगे। कितना मजा आएगा ना। हसबैंड: यस, और संडे मंदिर.. वाइफ: क्यों..? हसबैंड: भीख मांगने।

अमीर आदमी: आज मेरे पास 14 कार, 18 बाइक्स, 4 बंगले, 3 फार्महाउस है, तुम्हारे पास क्या है? गरीब आदमी: मेरे पास बेटा है, जिसकी गर्लफ्रेंड तेरी बेटी है।

सरदार अपनी बीवी के साथ टैक्सी में बैठा, ड्राइवर ने आईना सेट किया, ये देखते ही सरदार (गुस्से में): साले मेरी बीवी को देखता है, तु पीछे बैठ टैक्सी में चलाऊंगा!

## कहानी | कबूतर और मधुमक्खी

एक समय की बात है। एक जंगल में नदी किनारे एक पेड़ पर कबूतर रहता था। उसी जंगल में एक दिन कहीं से एक मधुमक्खी भी गुजर रही थी कि अचानक से वह एक नदी में जा गिरी। उसके पंख गीले हो गए। उसने बाहर निकलने के लिए बहुत कोशिश की, लेकिन वह नहीं निकल सकी। जब उसे लगा कि वह अब मर जाएगी, तो उसने मदद के लिए चिल्लाना शुरू कर दिया। तभी पास के पेड़ पर बैठे कबूतर की नजर उस पर पड़ गई। कबूतर ने उसकी मदद करने के लिए तुरंत पेड़ से उड़ान भर ली। कबूतर ने मधुमक्खी को बचाने के लिए एक तरकीब सोची। कबूतर ने एक पत्ते को अपनी चोंच में पकड़ा और उसे नदी में गिरा दिया। वह पत्ता मिलते ही मधुमक्खी उस पर बैठ गई। थोड़ी ही देर में उसके पंख सूख चुके थे। अब वह उड़ने के लिए तैयार थी। उसने कबूतर को जान बचाने के लिए धन्यवाद बोला। उसके बाद मधुमक्खी वहां से उड़कर चली गई। इस बात को कई दिन बीत चुके थे। एक दिन वही कबूतर गहरी नींद में सो रहा था और तभी एक लड़का उस पर गुलेल से निशाना लगा रहा था। कबूतर गहरी नींद में था, इसलिए वह इस बात से अंजान था, लेकिन उसी समय वहां से एक मधुमक्खी गुजर रही थी, जिसकी नजर उस लड़के पर पड़ गई। यह वही मधुमक्खी थी, जिसकी कबूतर ने जान बचाई थी। मधुमक्खी तुरंत लड़के की ओर उड़ गई और उसने जाकर सीधे लड़के के हाथ पर डंक मार दिया। मधुमक्खी के काटते ही लड़का तेजी से चिल्ला पड़ा। उसके हाथ से गुलेल दूर जाकर गिरी। लड़के के चिल्लाने की आवाज सुनकर कबूतर की नींद खुल गई थी। वह मधुमक्खी के कारण सुरक्षित बच गया था। कबूतर सारा माजरा समझ गया था। उसने मधुमक्खी को जान बचाने के लिए धन्यवाद बोला और दोनों जंगल की ओर उड़ गए।

## 7 अंतर खोजें





## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**: व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**वृषभ**: चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**मिथुन**: अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है।

**कर्क**: व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**सिंह**: व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**कन्या**: सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**तुला**: व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे।

**वृश्चिक**: कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें।

**धनु**: आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा। यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**मकर**: जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे।

**कुम्भ**: सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा।

**मीन**: शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा।

बॉलीवुड | मन की बात

# बोनी ने ली बेटी के दोस्त की पक्की गारंटी, बोले, मैं उसे अच्छे से जानता हूं



बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया अक्सर अपनी डेटिंग की खबरों को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। दोनों को अक्सर साथ में स्पॉट किया जाता है। हालांकि, दोनों ही अपने रिश्ते पर चुप्पी साधे हुए हैं। मगर हाल ही में बोनी कपूर ने अपनी बेटी जान्हवी कपूर के रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया को लेकर बात की है। बोनी कपूर ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, मैं शिखर से प्यार करता हूं और वास्तव में कुछ साल पहले जान्हवी उससे नहीं मिल रही थी लेकिन मेरी तब भी उससे दोस्ती थी। मुझे यकीन था कि वह कभी भी एक्स नहीं हो सकता। वह हमेशा आसपास रहेगा, जब कोई भी व्यक्ति आपके लिए होता है, चाहे वह मेरे लिए हो, चाहे वह जान्हवी के लिए हो, चाहे वह अर्जुन के लिए हो, वह सभी के साथ फ्रेंडली है। उन्होंने शिखर पहाड़िया की तारीफ करते हुए कहा, मुझे लगता है कि हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास उनके जैसा कोई व्यक्ति है। जान्हवी कपूर ने शिखर पहाड़िया के साथ अपने रिश्ते को अभी तक ऑफिशियल नहीं किया है। हालांकि, दोनों लंच और डिनर डेट पर जाने से कभी नहीं कतराते हैं। दोनों साथ में पार्टीज में भी नजर आते हैं। जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया साथ में मालदीव में छुट्टियां मनाने भी जाते हैं, जिसकी तस्वीरें भी वायरल हुई थीं। वहीं, जान्हवी के चाचा अनिल कपूर की जन्मदिन पार्टी में भी शिखर मौजूद थे। जाह्नवी कपूर ने पिछले महीने अपने 27वें जन्मदिन पर शिखर और करीबी दोस्त ओरी उर्फ ओरहान अवत्रामणि के साथ तिरुपति मंदिर का दौरा किया था। शिखर पहाड़िया राजनेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के पोते हैं। कथित तौर पर शिखर और जान्हवी पहले सीरियस रिलेशनशिप में थे लेकिन फिर इनका ब्रेकअप हो गया। कॉफी विद करण सीजन 7 में करण जौहर ने डेटिंग की अफवाहों की लगभग पुष्टि कर दी थी। मगर जान्हवी ने तब कहा था कि वह सिंगल हैं। इसके अब फिर से दोनों को साथ में स्पॉट किया जाता है।

# अमिताभ की शूबाइट जल्द होगी रिलीज!



**शूजित सरकार ने किया बड़ा खुलासा**

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्म शूबाइट कभी रिलीज नहीं हो पाई। शूजित सरकार के निर्देशन में बनी ये फिल्म विवादों के चलते इतने वर्षों में सिनेमाघरों तक नहीं पहुंच पाई है। ये फिल्म सरकार के दिल के बेहद करीब है। शूजीत और बिग बी के सहयोग में बनी ये पहली फिल्म है, इसीलिए वह अब भी चाहते है कि ये फिल्म रिलीज हो जाए। ऐसे में निर्देशक ने हाल ही में इस फिल्म के रिलीज होने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा की वे चीजों को ठीक करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। 2012 में बनी इस फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी फिल्मों में अमिताभ बच्चन द्वारा निभाए गए सभी किरदारों में से ये उनका पसंदीदा किरदार है। विक्की डोनर, पीकू और सरदार उधम जैसी शानदार फिल्मों का निर्माण कर चुके शूजित सरकार ने कहा, शूबाइट मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि यह हमारा पहला सहयोग था। काश मैं आपको दिखा पाता कि कैसे मिस्टर बच्चन ने अपने किरदार में अपना दिल और आत्मा डाल दी है। उन्होंने कहा यह बहुत ड्रामे वाली या बनावटी फिल्म नहीं है, बल्कि सरल अभिव्यक्ति, समझ और चुप्पी के बारे में है।



अमिताभ बच्चन अपने डायलॉग डिलीवरी के लिए जाने जाते हैं। मगर शूबाइट में वह बहुत बातूनी व्यक्ति नहीं हैं। यह सिर्फ उनके अंतर मन में रहने वाली भावनाएं हैं। सरकार ने आगे कहा, हम चीजों को सुलझाने के लिए मेहनत कर रहे हैं, लेकिन यह काफी मुश्किल है। मुझे उम्मीद है कि इसका समाधान निकलेगा और हम इसे रिलीज कर सकेंगे। वहीं, फिल्म से जुड़े एक सूत्र का कहना है कि फिल्म के अधिकार अब डिज्नी और फॉक्स के पास हैं। ऐसे में यह तय नहीं है कि फिल्म शूबाइट ओटीटी या सिनेमाघरों कहां पर रिलीज होगी। पिछले 20 वर्षों में शूजीत सरकार ने कई सफल फिल्में बनाई हैं। अमिताभ बच्चन के साथ भी वह कई फिल्में कर चुके हैं। अमिताभ ने साल 2015 की कॉमेडी फिल्म पीकू में शूजीत के साथ काम किया था। इसमें दीपिका पादुकोण और इरफान खान भी थे। इसके अलावा शूजीत 2016 की कोर्ट रूम ड्रामा पिंक के निर्माता और क्रिएटिव डायरेक्टर भी थे। इसमें अमिताभ ने वकील की भूमिका निभाई थी।

# साल के पहले तीन महीने कैसे बर्बाद किए?

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की सोशल मीडिया पर गजब धमक रहती है। इंस्टाग्राम पर उन्हें 88.6 मिलियन से अधिक यूजर्स फॉलो करते हैं। पिछले कुछ समय से श्रद्धा जहां राहुल मोदी के साथ अपने रिश्तों को लेकर चर्चा में हैं, वहीं सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का फनी अंदाज भी फैंस को खूब पसंद आता है। अब मार्च महीने के आखिरी दिन रविवार को श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार पोस्ट किया। उन्होंने फैंस से पूछा कि 2024 की पहली तिमाही को बर्बाद करके कैसा महसूस हो रहा है? बस फिर क्या था, श्रद्धा के सवाल पर फैंस ने अतरंगी जवाब देने शुरू कर दिए। श्रद्धा ने 31 मार्च को अपना एक फोटोशूट वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो के आखिर में वो अजीब तरह से मुंह बना रही हैं, ऐसे जैसे उन्हें उबासी आ रही हो। इस वीडियो पर श्रद्धा ने लिखा है, 2024 की पहली तिमाही को बर्बाद करके कैसा महसूस हो रहा है? जबकि वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में भी सवाल पूछा है- बताओ कैसे बर्बाद किया? श्रद्धा के इस पोस्ट को खबर लिखे जाने तक 7



लाख से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं और इस पर 23 हजार से अधिक कॉमेंट्स आ चुके हैं। सिनेमा की दुनिया की इस खूबसूरत स्त्री के पोस्ट पर फैंस ने मजेदार जवाब दिए हैं। एक यूजर ने लिखा है, बस कुछ और महीने बर्बाद करने हैं, फिर नई शुरुआत करेंगे। एक दूसरे यूजर ने लिखा, अभी एहसास हुआ है कि साल का पहला तीन महीना निकल चुका है? एक तीसरे यूजर ने कॉमेंट किया, आपने जो मीम की आदत लगा दी फिर उसी में बर्बाद हो गया। श्रद्धा अपने इंस्टाग्राम स्टोरी और पोस्ट में अक्सर मीम्स भी शेयर करती रहती हैं। यह फैंस को बहुत पसंद भी आता है। एक अन्य फैन ने लिखा है, बस ऐसे ही रील्स और मीम्स देख के बर्बाद किया। एक्ट्रेस के इस पोस्ट पर कोई यह भी लिख रहा है कि श्रद्धा के कारण मीम वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स की नौकरी खतरे में है।

**श्रद्धा कपूर के इस सवाल पर फैंस ने दिए मजेदार जवाब**

अजब-गजब | आंगन में कबूतरों को दाना खिलाना पड़ा महंगा

# महिला पर लगा 2.5 लाख का जुर्माना

कबूतरों को दाना खिलाना भी अपराध हो सकता है, यकीन नहीं तो इस महिला को ही देखिए। 97 साल की ये महिला अपने आंगन में कबूतरों को दाना खिला रही थी। उसे नहीं पता था कि ये अपराध है। किसी ने नगर पालिका में शिकायत कर दी। वहां से नोटिस आ गया। पहले तो चेताया गया, लेकिन जब महिला ने नजरअंदाज किया तो 2.15 लाख रुपये का जुर्माना ठोंक दिया गया। इतना ही नहीं, चेतावनी दी गई कि अगर आगे से ऐसा हुआ तो उसे और उसके बेटे को उसके अपने ही घर से बाहर निकाल दिया जाएगा। मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक, 97 वर्षीय ऐनी सेगो वर्षों तक संगीत शिक्षिका रहीं। उन्हें पक्षियों से बेहद लगाव है। यहां तक कि उन्होंने कुछ पक्षियों को अपने घर में भी पाल रखा है। लेकिन बीते कई महीनों से उनके आंगन में गौरेया और कबूतर आने लगे थे। ऐनी को उन्हें दाना खिलाना काफी अच्छा लगता था। वे रोज सुबह दाना लेकर बैठ जातीं और कबूतरों को बुलाकर उन्हें दाना खिलातीं। इसकी वजह से कई पक्षी वहां आने लगे। यही बात पड़ोस में रहने वाले किसी शख्स को खटक गई। उसने नगर पालिका में शिकायत कर दी। शख्स ने दावा किया कि दाना बांटने की वजह से क्षेत्र में तमाम कबूतर और सीगल आ रहे हैं, जिनसे पूरे इलाके में



गंदगी फैल रही है। फिर क्या था। काउंसिल ने महिला को नोटिस भेज दिया। कहा, अगर आपने यह असामाजिक व्यवहार बंद नहीं किया तो 10000 रुपये जुर्माना भरना होगा। जब महिला ने इस पर ध्यान नहीं दिया, तो काउंसिल ने जुर्माना बढ़ाकर 2,500 पाउंड यानी 2.15 लाख रुपये कर दिया। इसके बाद भी काउंसिल ने महिला के 77 वर्षीय बेटे एलन को नोटिस भेजा। लिखा, अगर आप अपनी मां को नहीं समझा पाए तो दोनों को घर से बाहर कर दिया जाएगा। कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। दरअसल, इंग्लैंड, थाइलैंड, कोलंबिया, कनाडा, अमेरिका समेत कई देशों में कबूतरों को दाना खिलाना अपराध की श्रेणी में आता है। वेनिस में तो इसे लेकर काफी सख्त कारनून है। ऐसा माना जाता है कि कबूतरों के आने से इलाकों में गंदगी होगी, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा है। इससे स्वच्छता पर भी असर होता है। उधर, एलन ने कहा, जिस तरह की धमकी हमें दी जा रही है, वह हास्यास्पद है। इससे मेरी मां गहरे तनाव में हैं। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि ऐसा कुछ उनके साथ हो रहा है। जब काउंसिल के अधिकारी एक हफ्ते पहले हमारे घर आए थे, उन्हें देखकर मेरी मां रोने लगीं। यह घृणित है।

# ये है भारत का सबसे अमीर कुल्फीवाला! पहनता है करोड़ों का सोना



गर्मियों का मौसम आ चुका है। धीरे-धीरे तापमान बढ़ता जा रहा है। इसी के साथ लोग गर्मी से निजात पाने के जो भी तरीके हैं, सब अपनाने लगे हैं। गर्मियों के आते ही आइसक्रीम और कुल्फी की सेल बढ़ जाती है। लोग ठंडक का अहसास करने के लिए जमकर आइसक्रीम खाना शुरू कर देते हैं। पहले बाजार में कुल्फी ही मिला करती थी। लेकिन समय के साथ अब कई फ्लेवर्स की आइसक्रीम आ चुकी है। बात अगर कुल्फी की करें तो दूध से बनी इस देसी आइसक्रीम के स्वाद के कई लोग दीवाने हैं। बाजार में अब कई फ्लेवर्स की कुल्फी भी आने लगी है। इसमें मैंगो से लेकर पान फ्लेवर भी शामिल है। लेकिन आज हम आपको जिस कुल्फीवाले के बारे में बताने जा रहे हैं, वो अपनी कुल्फी में कोई अलग फ्लेवर नहीं मिलाता। इसकी कुल्फी में मिला होता है चौबीस कैरट सोना। जी हां, सही पढ़ा आपने। वैसे तो आपने कुल्फी कई बार खाई होगी। इसके साथ ही कुल्फी की कई वैरायटी भी टेस्ट की होगी। लेकिन इंदौर के सराफा बाजार में प्रकाश कुल्फीवाला लोगों को सोने की कुल्फी खिलाते हैं। जी हां, ये अपनी कुल्फी के ऊपर चौबीस कैरट सोने की परत चढ़ाते हैं। इनकी कुल्फी की चर्चा दूर-दूर तक है। लोग खासकर इस गोल्ड कुल्फी को खाने सराफा बाजार में आते हैं। प्रकाश भाई का कुल्फी खिलाने का अंदाज भी काफी निराला है। वो अपनी दुकान में सोने की चेन और अंगूठियों से लदकर कुल्फी बेचते हैं। जब गोल्ड कुल्फीवाले का वीडियो वायरल हुआ, तो सभी हैरान रह गए। इसके वीडियो को अभी तक लाखों बार देखा जा चुका है। प्रकाश कुल्फी के ऊपर चौबीस कैरट गोल्ड पेपर की लेयर लगते हैं और सर्व करते हैं। एक कुल्फी का साम तीन सौ पचास रुपए है। वीडियो देखने के बाद कमेंट सेक्शन में लोगों के कई तरह के रिएक्शन देखने को मिले। कई लोगों ने लिखा कि मात्र गोल्ड फॉयल लगा कर दस रुपए की कुल्फी को इतने महंगे दाम में सिर्फ भारतीय ही खरीद सकता है। वहीं कई ने मजाक में लिखा कि सोने की कुल्फी खाने के बाद अगली सुबह बाथरूम में सोना ही निकलेगा।

# मनरेगा में मजदूरी न बढ़ना मोदी सरकार की विफलता : जयराम रमेश

## काम के दिनों की संख्या में वृद्धि भी शर्मनाक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पुराने बयान का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पिछले वर्ष मनरेगा में काम के दिनों की संख्या में वृद्धि मोदी सरकार की विफलताओं का एक जीता जागता स्मारक है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि वित्त वर्ष 2023-24 में ग़रीब ग्रामीण परिवारों द्वारा मांगे गए काम के दिनों की संख्या 305 करोड़ हो गई है जो कोविड महामारी से पहले की तुलना में 40 करोड़ अधिक है।

रमेश ने एक बयान में दावा किया, बेरोज़गारी और मजदूरी का न बढ़ना मोदी सरकार के 10 साल के अन्याय काल की सबसे बड़ी सच्चाई है। मोदी सरकार द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि आर्थिक कुप्रबंधन, नोटबंदी, ग़लत ढंग से डिज़ाइन की गई जीएसटी और बिना किसी तैयारी के लगाए गए लॉकडाउन के जो आर्थिक संकट उत्पन्न हुए हैं, उनसे ग्रामीण भारत अभी भी जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय शुरू किए गए मनरेगा के तहत आर्थिक संकट



होने पर भी 100 दिनों के रोज़गार की गारंटी होती है। रमेश का कहना है, यह मांग के आधार पर चलने वाला कार्यक्रम है, जिसका अर्थ है कि इसमें रोज़गार के अवसर तभी उत्पन्न होते हैं जब बेहतर मज़दूरी का कोई दूसरा विकल्प नहीं होता है।

## कांग्रेस का घोषणापत्र पांच अप्रैल को जारी होगा अगले दिन जयपुर और हैदराबाद में रैली

कांग्रेस आगामी शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करेगी और इसके अगले दिन जयपुर एवं हैदराबाद में जनसभाएं आयोजित की जाएंगी जिनमें पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को यह जानकारी दी। जयपुर में आयोजित घोषणापत्र संबंधी रैली को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा संबोधित करेंगी। हैदराबाद में घोषणापत्र संबंधी जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया, देश भर के लोगों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद कांग्रेस 5 अप्रैल को एआईसीसी मुख्यालय में अपना दृष्टिपत्र, घोषणापत्र जारी करेगी। इसके बाद, हम छह अप्रैल को जयपुर और हैदराबाद में दो विशाल रैलियां आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान हमेशा देश को एक कल्याणोन्मुख, विकास समर्थक दृष्टिकोण देने पर रहा है और इस चुनाव में भी इसे लोगों के सामने पेश किया जाएगा। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय , किसान न्याय , नारी न्याय , श्रमिक न्याय और युवा न्याय - पर आधारित होगा। पार्टी ने युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपए देने का वादा शामिल है। पार्टी ने हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की गारंटी दी है।

### कोरोना काल में काम आई कांग्रेस की योजना

उन्होंने दावा किया, वित्त वर्ष 2023-24 मे ग़रीब ग्रामीण परिवारों द्वारा मांगे गए काम के दिनों की संख्या 305 करोड़ हो गई है। यह संख्या महामारी से पहले की तुलना मे 40 करोड़ अधिक है। आज भारत मे नौकरियो की इतनी भारी कमी है कि हमारे ग़रीबों को रोज़गार के आख़िरी विकल्प की ओर ही जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कांग्रेस महासचिव के अनुसार, फरवरी 2015 मे, सत्ता संभालने के तुरंत बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने संसद मे कहा था कि मनरेगा कांग्रेस की विफलताओ का एक जीता जागता स्मारक है, लेकिन कोविड-19 महामारी के दौरान मोदी सरकार को लोगो की आय के लिए प्राथमिक स्रोत के रूप मे मनरेगा पर ही निर्भर रहना पड़ा था। उन्होंने दावा किया आज के मोदी मेड आर्थिक संकट के बीच भी मनरेगा वही भूमिका निभा रहा है। रमेश ने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष मनरेगा मे काम के दिनो की संख्या मे वृद्धि दरअसल मोदी सरकार की विफलताओ का एक जीता जागता स्मारक है।

# उत्पीड़न एजेंसी के रूप में काम कर रही ईडी : कावेरी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली की आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता के वकील ने एक अदालत को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय एक उत्पीड़न एजेंसी के रूप में काम कर रहा है और उनके मुवक्किल के खिलाफ जांच पूरी तरह से प्रेरित थी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कविता की जमानत के लिए दलीलें दीं।

उन्होंने अदालत से कहा, ईडी एक अभियोजन एजेंसी के रूप में नहीं बल्कि एक उत्पीड़न करने वाली एजेंसी के रूप में काम कर रही है... जांच पूरी तरह से प्रेरित है। वे (ईडी) कहते हैं कि या तो हम आपको गिरफ्तार करेंगे और अगर आपको गिरफ्तार नहीं किया जाता है, तो हम बिल्ली और चूहे का खेल खेलेंगे। इस बात पर जोर देते हुए कि एजेंसी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता कविता को बार-बार तलब किया था, सिंघवी ने कहा, प्रतिदिन एक समन ईडी को उसी तरह खुश रखता है, जैसे प्रतिदिन एक सेब डॉक्टर को दूर रखता है।

# निर्वाचन आयोग केंद्रीय एजेंसियों को विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने से रोके : टीएमसी

» टीएमसी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल सीईसी से मिला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों को लोकसभा चुनाव होने तक टीएमसी समेत भाजपा के अन्य प्रतिद्वंद्वी दलों के उम्मीदवारों, नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्वाई करने पर अविलंब रोक लगाए।

टीएमसी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल (जिसमें डेरेक ओ ब्रायन, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष शामिल थे) ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों से मुलाकात की और विपक्षी दलों के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए



एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने निर्वाचन आयोग से लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ईडी, सीबीआई, आईटी विभाग और एनआईए के निदेशकों को स्थानांतरित करने का भी आग्रह किया। टीएमसी नेताओं ने उन घटनाओं का हवाला दिया जहां केंद्रीय एजेंसियों ने उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के खिलाफ कार्वाई की है। गोखले ने बैठक के बाद कहा, कल हर एक विपक्षी दल सहमत था और विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली में एक प्रस्ताव पारित किया गया था कि केंद्रीय एजेंसियों द्वारा अभूतपूर्व और पक्षपातपूर्ण कार्वाई की जा रही है। हमने केंद्रीय एजेंसियों की कार्वाइयों में वृद्धि देखी है।

# थाने की जमीन हथियाने पर फंसे पूर्व विधायक

» डीएम की ऑपरेशन माफिया कमर तोड़ अभियान के तहत हुई बड़ी कार्रवाई

» समिति बनाकर हथियाई थी जमीन, अब दर्ज हुआ केस

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बलरामपुर। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। बलरामपुर जिले के उतरौला विधानसभा सीट से विधायक रहे आरिफ अनवर हाशमी की अब तक 120 करोड़ की संपत्ति जब्त हो चुकी है, लेकिन फिर भी मुश्किलें हैं कि कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। अब एक बार फिर पूर्व विधायक के जालसाजी की पोल खुल गई है। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने ऑपरेशन माफिया कमर तोड़ अभियान के तहत बड़ी कार्वाई की है।

दरअसल, इस बार मामला थाने की जमीन कब्जियाने का सामना आया है। सपा के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और उनके भाई मारूफ अनवर हाशमी, परिवार और समिति के सदस्यों के खिलाफ थाने की जमीन कब्जा करने के मामले में धोखाधड़ी जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

बलरामपुर के डीएम अरविंद सिंह का ऑपरेशन माफिया कमरतोड़ अभियान लगातार जारी है। डीएम के 72 घंटे के अभियान में पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी, उनके भाई मारूफ अनवर हाशमी तथा गैंग के अन्य सदस्यों के खिलाफ एसडीएम उतरौला को भेजकर सादुल्लाह नगर थाने में गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### वापस सरकार के नाम हुई कब्जाई जमीन

दरअसल पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी ने एक समिति बनाकर करीब 15 साल पहले सादुल्लाह नगर थाने की जमीन अपने सगे भाई तथा परिवार के अन्य सदस्यों के नाम जाली दस्तावेज के जरिए समिति के नाम दर्ज करवा लिया। इस समिति के अध्यक्ष उनके भाई तथा सदस्य परिवार और सहयोगी लोग हैं। उसके बाद इस जमीन पर कब्जा कर लिया। डीएम ने मजिस्ट्रेट की निगरानी में सूचीबद्ध माफिया पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी के काले कारनामों को उजागर करने के लिए साक्ष्य एकत्रित करवाया। डीएम के न्यायालय पर साक्ष्य इकट्ठा होने के बाद थाना की कब्जा की गई जमीन को विगत 19 मार्च को पुनः सरकार के पक्ष में फैसला कर दिया। तथा बीते 30 मार्च को जमीन पुनः सरकार के पक्ष में थाने के नाम शासकीय अभिलेखों में दर्ज करा दी गई। सोमवार को इन सभी आरोपियों के खिलाफ डीएम के आदेश पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया।



पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी

### 15 साल से था पूर्व विधायक का कब्जा

डीएम अरविंद सिंह ने बताया की पिछले 15 साल से थाना कोतवाली सादुल्लाह नगर थाना परिसर बाउन्ड्री वाल के अन्दर 730 वर्ग मीटर की बेशकीमती जमीन इन आरोपियों ने कूट रचना करके अपने (प्रतिनिधि) संस्था के नाम दर्ज कर लिया था। इसके बाद बिना अवरोध के उसका उपयोग कर रहे थे। प्रकरण डीएम के संज्ञान में आने के बाद इन माफियाओं के क्रिया-कलापों की उलटी गिनती चालू हो गई।



डीएम अरविंद सिंह

# राजस्थान ने मुंबई को घर में घुसकर धोया

## 6 विकेट से दर्ज की रॉयल जीत, हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई की लगातार तीसरी हार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। आईपीएल के 17वें सीजन में नए कप्तान के साथ उतरी पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस का खराब प्रदर्शन लगातार जारी है। यही वजह है कि मुंबई को अपने तीनों शुरूआती मैचों में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। सोमवार को राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को उसके घर में घुसकर धूल चटाते हुए 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस हार के साथ हार्दिक पांड्या ने अपनी कप्तानी में हार की हैट्रिक लगा दी है। तो वहीं दूसरी ओर संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स की ये लगातार तीसरी जीत है। इसके साथ ही राजस्थान अब प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है।

ट्रेंट बोल्ट और चहल के आगे पस्त हुए मुंबई के बल्लेबाज



मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की टीम ने 126 रनों का छोटा टारगेट सेट किया था। इसे राजस्थान टीम ने 4 विकेट गंवाकर 15.3 ओवरों में ही हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए रियान पराग ने सबसे ज्यादा 39 गेंदों पर नाबाद 54 रनों की पारी खेली। जबकि मुंबई के लिए आकाश मधवाल ने 3 और क्वेना मफाका ने 1 विकेट लिया।

### 125 रनों पर ही सिमटी मुंबई

राजस्थान की इस जीत में असली हीरो तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल रहे हैं। दोनों ने 3-3 विकेट लेकर मुंबई की टीम को 125 रनों पर ही रोक दिया था। मैच में मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टीम ने 20 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे, इसमें तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने 3 और नांद्रे बर्गर ने 1 विकेट लिया। इसके बाद कप्तान हार्दिक पंड्या ने 34 और तिलक वर्मा ने 32 रन बनाकर पारी को संभाला। आखिर में टिम डेविड ने 17 रन बनाकर मुंबई को 9 विकेट पर 125 रनों तक पहुंचाया। ट्रेंट बोल्ट के बाद चहल ने कमान संभाली और 3 विकेट लेकर मुंबई के मिडिल ऑर्डर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। नांद्रे बर्गर ने 2 और आवेश खान ने 1 विकेट लिया।



# आकाश आनंद पार लगाएंगे बसपा की नैय्या

## चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे बीएसपी प्रमुख के भतीजे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। लोकसभा चुनावों को लेकर पूरे देश में सियासी पारा हाई है। दिल्ली की गद्दी पर राज करने के लिए उत्तर प्रदेश में अच्छा प्रदर्शन हर दल के लिए काफी मायने रखता है। इसीलिए सभी दल राज्य की 80 लोकसभा सीटों के लिए अपनी-अपनी जद्दोजेहद करने में जुट गए हैं। इस बीच बहुजन समाज पार्टी भी उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए अपनी रणनीतियों पर काम करने में जुट गई है। यूपी में बहुजन समाज पार्टी अपना चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत छह अप्रैल से शुरू करेगी। बसपा सुप्रीमो मायावती चुनाव प्रचार में जान फूंकने को लेकर अपने उत्तराधिकारी आकाश आनंद को चुनाव प्रचार में उतारने का फैसला किया है। इस बार बीएसपी के उम्दा प्रदर्शन की जिम्मेदारी युवा आकाश आनंद के ही कंधों पर होगी। आकाश आनंद 6 अप्रैल से लेकर 1 मई तक यूपी में धुआंधार प्रचार करने वाले हैं। अब प्रदेश के पूर्व सीएम मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद भी चुनाव प्रचार में दिखेंगे। ये इसलिए भी जरूरी है क्योंकि आकाश को मायावती ने अभी तक यूपी और उत्तराखंड से दूर रखा हुआ था। आकाश को उत्तराधिकार घोषित करने के बाद भी उनके पास उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का प्रभार नहीं है, लेकिन अब वह चुनाव प्रचार के दौरान जनता को बसपा को वोट देने को लेकर रिझाने वाले हैं।



### नगीना से प्रचार में उतरेंगी मायावती



पूर्व सीएम मायावती खुद छह अप्रैल को नगीना में जनता को संबोधित करेंगी और जनता को साधने की कोशिश करेंगी। वहीं मायावती 11 अप्रैल को आगरा, 13 को उत्तराखंड के रुड़की और 15 अप्रैल को पीलीभीत में उनकी रैली करेंगी। लोकसभा चुनाव में बसपा बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है और इसकी जिम्मेदारी मायावती के साथ आकाश आनंद उठाएंगे। पार्टी के प्रचार अभियान का पूरा दारोमदार पार्टी के दिग्गज नेताओं के साथ जोनल कोऑर्डिनेटर पर टिका है।

### आकाश आनंद लगाएंगे जोर

पार्टी की तरफ से चुनाव प्रचार के लिए बसपा के प्रदेश चीफ विश्वनाथ पाल और विधायक उमाशंकर सिंह भी प्रचार अभियान में शामिल होंगे और जनता से मुलाकात करेंगे। पार्टी के दिग्गज नेता चुनाव प्रचार में जोर लगाने के लिए तैयार हैं। तो वहीं मायावती के उत्तराधिकार आकाश आनंद छह अप्रैल को नगीना के हिंदू इंटर कॉलेज में रैली करके अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। सात अप्रैल को गाजियाबाद में रैली करेंगे। इसके बाद वह एक मई को 1 मई को बरेली मंडल, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, सहारनपुर, कैराना, गोरखपुर, बस्ती मंडल, वाराणसी, आजमगढ़, प्रयागराज, मिर्जापुर, अयोध्या और कई लोकसभा क्षेत्रों में जाकर बसपा के लिए चुनाव प्रचार करेंगे और जनता से संपर्क करेंगे।

# बेकाबू कार ने दो महिलाओं को मारी टक्कर, दर्दनाक मौत

## लखनऊ के निशातगंज में पेपरमिल कॉलोनी में हुआ हादसा, सहरी करके निकलीं थीं महिलाएं



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में हादसों का सिलसिला थम ही नहीं रहा है। आए दिन प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में भीषण हादसों की खबरें आती रहती हैं। अब प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक भीषण हादसे की खबर सामने आई है, जिसमें दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई है।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ के निशातगंज इलाके की पेपरमिल कॉलोनी में बड़ा हादसा हो गया। सहरी करके निकलीं दो महिलाओं को एक बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों ही महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में लेकर गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। हादसे में शाहिदा बानो (65) और शबनम (42) की मौत हुई है।

## तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो रिक्शा को मारी टक्कर, 5 की मौत

उधर, चित्रकूट जिले में तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, शहर कोतवाली क्षेत्र के कपसेठी-अमानपुर नेशनल हाईवे पर हादसा हुआ है। यहां कर्वी स्टेशन की तरफ से रामघाट जा रही सवारियों से भरी सीएनजी ऑटो-रिक्शा की बेड़ी पुलिया की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर की जोरदार भिड़ंत हो गई। इसमें ऑटो सवार युवती समेत पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भेज दिया है और उनकी शिनाख्त करने में जुट गई है। इसमें पुलिस ने अभी तक तीन लोगों की शिनाख्त कर ली है।

# भाजपा के विज्ञापन पर महिला संगठनों ने जताया विरोध

## विज्ञापन में इंडिया गठबंधन के नेताओं की उतारी गई है नकल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव करीब आते ही प्रचार-प्रसार का भी दौर जोर-शोर से शुरू हो गया है। लेकिन इस बीच कुछ प्रचारों पर आपत्ति भी दर्ज होने लगी है। इस बीच कई वामपंथी महिला संगठनों ने भाजपा द्वारा जारी उस विज्ञापन की निंदा की, जिसमें इंडिया गठबंधन के नेताओं की नकल की गई है और उन्हें एक दुल्हन के लिए लड़ते हुए दर्शाया गया है।

महिला संगठनों ने एक बयान में मांग की कि विज्ञापन वापस लिया जाना चाहिए। इस बयान पर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वूमन एसोसिएशन की महासचिव



मरियम धावले, नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वूमन की महासचिव एनी राजा, ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव वूमन एसोसिएशन की महासचिव मीना तिवारी समेत अन्य ने हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया कि चार राष्ट्रीय महिला संगठन भाजपा द्वारा जारी हालिया चुनावी विज्ञापन की कड़ी निंदा करते हैं। यह विज्ञापन इस देश की महिलाओं का अपमान है क्योंकि यह उन्हें बेहद सामंती, पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण से दर्शाता है।

# माफियाओं पर कार्रवाई न होने पर अमिताभ ठाकुर ने उठाए सवाल

## अपराधियों के मामले में पुलिस व सरकार के पक्षपातपूर्ण आचरण का लगाया आरोप

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

### डीजीपी को लिखा पत्र

लखनऊ। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को पत्र लिखकर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा माफियाओं के मामले में पक्षपातपूर्ण आचरण करने के मामले को उजागर किया है। अपने इस पत्र में अमिताभ ठाकुर ने कुछ माफियाओं की एक लिस्ट भी दी है, जिसमें उनके नाम व उन पर दर्ज मुकदमों की संख्या शामिल है।

अपने इस पत्र में अमिताभ ठाकुर ने आरोप लगाया है कि इन माफियाओं की लंबी क्रिमिनल हिस्ट्री होने के बाद भी उत्तर प्रदेश पुलिस ?द्वारा मात्र राजनीतिक कारणों से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है और उनका खुला बचाव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूची में कई स्पष्ट त्रुटियां दिखीं, जैसे चुलबुल सिंह का वर्ष 2018 में निधन हो गया है, फिर भी उनका नाम यहां अंकित है तथा पिंटू सिंह, सनी सिंह जैसे नाम को लेकर पूरी स्पष्टता भी नहीं है। इसके विपरीत कई नाम स्पष्ट हैं और सामान्य तौर पर ये सभी लोग मौजूदा सरकार में स्पष्ट रूप से पुष्पित पल्लवित होते दिख रहे हैं।

### माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के दावे खोखले



अमिताभ ठाकुर ने यूपी पुलिस की भूमिका पर भी प्रश्नचिह्न उठाते हुए कहा कि जहां एक और सरकार और यूपी पुलिस द्वारा लगातार माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई बड़े-बड़े दावे हो रहे हैं। वहीं इतनी लंबी क्रिमिनल हिस्ट्री के बाद भी इन लोगों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किया जाना पुलिस पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगता है। उन्होंने डीजीपी से अनुरोध किया कि यह स्पष्ट किया जाए कि किन स्थितियों में क्राइम और क्रिमिनल्स के प्रति जीरो टॉलरेंस का दावा करने के बाद भी इन व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अमिताभ ठाकुर ने आगे कहा कि यदि इस संबंध में मुझे 15 दिनों में आपका कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो मैं आपको इस संबंध में निरंतर मानते हुए इस प्रकरण को सक्षम फोरम पर ले जाने को बाध्य होऊंगा।

# बाबा रामदेव ने हाथ जोड़कर मांगी माफी

## भ्रामक विज्ञापन मामला : सुप्रीम कोर्ट में योग गुरु बोले- हम मानते हैं हमसे गलती हुई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद एमडी आचार्य बालकृष्ण शीर्ष अदालत पहुंचे। इस दौरान अदालत ने दोनों को फटकार लगाई और कहा कि आपको इस मामले में हलफनामा दायर करना चाहिए था।

सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव, पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को एक हफ्ते में हलफनामा दाखिल करने का आखिरी मौका दिया। साथ ही आदेश दिया कि अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। कोर्ट ने पतंजलि के एमडी के हलफनामे में दिए बयान को भी खारिज कर दिया कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स (मैजिक रेमेडीज) एक्ट पुराना है।



### कोर्ट बोला- सिर्फ माफी स्वीकार नहीं

कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि ये अदालती कार्यवाही है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। हम आपकी माफी स्वीकार नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 21 नवंबर के अदालत के आदेश के बाद भी अगले दिन रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सिर्फ माफी पर्याप्त नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी और पतंजलि विज्ञापन छापे जा रहा था। आप दो महीने के बाद अदालत के समक्ष पेश हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपका मीडिया विभाग आपसे अलग नहीं है, आपने ऐसा क्यों किया? आपको बीते नवंबर को चेताया गया था, इसके बावजूद आपने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मामले में एक ही हलफनामा दाखिल किया गया है जबकि दो हलफनामे दाखिल करने चाहिए थे। कोर्ट ने कहा कि आपने एक्ट का उलंघन कैसे किया? आपने कोर्ट का अंडरटेकिंग देने के बाद भी उल्लंघन किया। आप परिणाम के लिए तैयार हो जाएं।

### मैं इस आचरण के लिए शर्मिंदा हूं : रामदेव

पतंजलि ने स्वीकार किया कि उनसे चूक हुई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि अदालत की अवमानना का जवाब दीजिए। रामदेव की ओर से पैरवी कर रहे बलबीर सिंह ने कहा कि हमारा माफीनामा तैयार है। तो बेंच ने कहा कि ये रिकॉर्ड में क्यों नही है। बलबीर ने कहा कि यह तैयार था लेकिन हम चाहते थे जरूरत पड़ने पर जरूरी बदलाव किए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप देश की सेवा करने का बहाना मत बनाइए। रामदेव के वकील ने कहा कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। पहले जो गलती हो गई, उसके लिए माफी मांगते हैं। रामदेव ने भी अदालत से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मैं इस आचरण के लिए शर्मिंदा हूं। पीठ ने कहा कि देश की हर कोर्ट का सम्मान किया जाना चाहिए।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक संजय शर्मा द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। संपादक - संजय शर्मा, विधि सलाहकार: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, वित्तीय सलाहकार: संदीप बंसल, कार्टूनिस्ट: हसन जैदी, दूरभाष: 0522- 4078371 | Email: daily4pm@gmail.com | website: www.4pm.co.in |
RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।